मतदाता जागरूकता गीत (सहारनपुर विशेष)

(धुन- आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की ...)

वोट डालना अच्छा है जी, लगता इसमें दाम नहीं।
वोट डालकर आने से है, अच्छा कोई काम नहीं।।
जागो मतदाता, जागो मतदाता
जागो मतदाता, जागो मतदाता

लोकतंत्र की नींव बनेगी, मतदाता के वोटों से
लोकनीति भी नेक रहेगी, मतदाता के वोटों से
ऊंच-नीच का भेद मिटे औ' जाति-धर्म भी दूर रहे
हरगरीब का क्लेश कटेगा मतदाता के वोटों से
वोटर के अधिकारों में है, भेद-भाव का नाम नहीं
वोट डालकर आने से है, अच्छा कोई काम नहीं
जागो मतदाता, जागो मतदाता
जागो मतदाता, जागो मतदाता

शहर सहारनपुर के वोटर, बड़े मुखर हैं वोटिंग में
देवबंद गंगोह नकुड़ नांगल भी तत्पर वोटिंग में
रामपुरी मनिहारन, बलिया खेड़ी, नानौता भी है
है मुजफ्फराबाद, सडौली के कदीम भी वोटिंग में
अब पुवाँरका - सरसावाँ को बिना वोट आराम नहीं
वोट डालकर आने से है अच्छा कोई काम नहीं।।
जागो मतदाता, जागो मतदाता
जागो मतदाता, जागो मतदाता

माँ शाकुंभरी कृपा बरसाए जो मतदान जरूर करे
भूरा देव करें रक्षा जब नव मतदाता कदम भरे
बागेश्वर मंदिर से आए शिवम् सत्य सा यह संदेश
गोपनीय पहचान रहे मतदान करो सब बिना डरे
देवबंद पैगाम दे रहा पता चलेगा नाम नहीं
वोट डालकर आने से है, अच्छा कोई काम नहीं

जागो मतदाता, जागो मतदाता
जागो मतदाता, जागो मतदाता

वोट डालना अच्छा है जी, लगता इसमें दाम नहीं।
वोट डालकर आने से है, अच्छा कोई काम नहीं।।

जागो मतदाता, जागो मतदाता
जागो मतदाता, जागो मतदाता

(सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी, माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर